हम है दीवाने तेरे नाम के दीवाने

मैया के दीवाने, मैया के दीवाने......
तेरे द्वार आये मैया तुझको मनाने,
हम है दीवाने तेरे नाम के दीवाने,
हाँ होठो पे नाम तेरा तेरे ही तराने,
हम है दीवाने तेरे नाम के दीवाने........

ऊँचे पहाड़ो पे तू बैठी है भवानी,
बहता है चरणों में गंगा का पानी,
तीनो लोक आते है यहाँ भाग्य जगाने,
हम है दीवाने है तेरे नाम के दीवाने,
तेरे द्वार आये मैया तुझको मनाने,
हम है दीवाने तेरे नाम के दीवाने.......

भटके हुए है मैया हम बीच धारे,
कौन लगाये मैया नैया किनारे,
मेरा सुख दुख मैया अब तू ही जाने,
हम है दीवाने है तेरे नाम के दीवाने,
तेरे द्वार आये मैया तुझको मनाने,
हम है दीवाने तेरे नाम के दीवाने.......

महिमा को जान गए तुझे पहचान गए,
तेरे दुलार और ममता को मान गए,
तूने लुटाये है माँ लाखो ही खजाने,
हम है दीवाने है तेरे नाम के दीवाने,
तेरे द्वार आये मैया तुझको मनाने,
हम है दीवाने तेरे नाम के दीवाने.......

पागल ये मनवा मेरा व्याकुल है नैना,
दर्शन बिना नहीं आये अब चैना,
और क्या कहू मेरा दिल भी ना जाने,
हम है दीवाने है तेरे नाम के दीवाने,
तेरे द्वार आये मैया तुझको मनाने,
हम है दीवाने तेरे नाम के दीवाने........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24026/title/hum-hai-deewane-tere-naam-ke-deewane

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |